भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3324

जिसका उत्तर दिनांक 09.08.2023 को दिया जाना है

परमाणु संपन्न राज्य

3324. श्री एस. मुनिस्वामी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत एक परमाणु संपन्न राज्य है;

(ख) यदि हां, विश्व में कितने देशों ने स्वयं को परमाणु संपन्न राज्य घोषित किया है;

(ग) क्या भारत इस संबंध में कुछ अंतरराष्ट्रीय समझौतों में पक्षकार है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, हां। भारत एक नाभिकीय संपन्न राज्य है। देश का एक नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम भी है जिसके अन्तर्गत 23 नाभिकीय विद्युत रिएक्टर इस समय प्रचालनाधीन हैं।

(ख) अप्रसार संधि (एनपीटी) के अनुसार, पांच देशों को नाभिकीय हथियार संपन्न राज्य के रूप में मान्यता दी गई है। आईएईए विद्युत रिएक्टर सूचना प्रणाली (पीआरआईएस) डेटाबेस के अनुसार, विश्व के 35 राज्यों में नाभिकीय विद्युत रिएक्टर या तो प्रचालन में हैं या निर्माणाधीन हैं।

(ग) तथा (घ) भारत नाभिकीय संबंधी निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय समझौतों में पक्षकार है:

i. नाभिकीय दुर्घटना की प्रारंभिक अधिसूचना का समझौता
ii. नाभिकीय दुर्घटना या विकिरण आपातकालीन सहायता का समझौता
iii. नाभिकीय सामग्री के भौतिक संरक्षण और उसके संशोधन का समझौता
iv. नाभिकीय आतंकवाद की गतिविधियों के दमन के लिए समझौता
v. नाभिकीय संरक्षा समझौता
vi. नाभिकीय क्षति के लिए अनुपूरक मुआवजे का समझौता

* * * * *